संवाद. राज्यपाल ने आइआइएम रांची में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों से कहा

ग्रामीणों का कौशल विकास कर गरीबी-पलायन दूर करें

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

राज्यपाल रमेश बैस ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) रांची में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों से कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा है. लोगों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए गरीबी व पलायन दूर करें. कौशल विकास राष्ट्र निर्माण की धुरी है. राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में आइआइएम के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे. राज्यपाल ने कहा कि प्रायः यह देखा जाता है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद व्यक्ति रोजगार से नहीं जुड़ पाता है और उदासीन हो जाता है.

आइआइएम रांची में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करते राज्यपाल रमेश बैस.

ऐसे लोगों को रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है. उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में भी मदद की जाये. यहां ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की भी समस्या है. उनके उत्पाद को मार्केटिंग करने वाली संस्था या ऑनलाइन ऐप से जोड़ने में सहयोग करें. ताकि, उनके उत्पाद की बिक्री हो सके और वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें. उन्होंने कहा कि एक बार मार्केटिंग से जुड़ जाने के बाद उनमें जागरूकता बढ़ेगी और उनके उत्पाद की गुणवत्ता स्वयं बढ़ती चली जायेगी. उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा द्वारा उद्यम स्थापित करने पर कम से कम चार से पांच लोगों को रोजगार मिल सकता है. उन्होंने फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों से कहा कि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें और उनकी परिस्थितियों से अवगत होते हुए उपयोगी सेक्टर का चयन कर उस पर कार्य करने के लिए प्रेरित करें. साथ ही उनका सहयोग व मार्गदर्शन करें. ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें. आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें. मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, आइआइएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे.

एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक का लोकार्पण

रांची. राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स का राजभवन में लोकार्पण किया. इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, पीआइबी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर और आइआइएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

Prabhat Khabar_20.01.2023_Pg. 09.